सतना | शुक्रवार | 5 जून 2026 | वर्ष 27 | अंक 272 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

विश्व पर्यावरण दिवस

## एक नजर में



### राष्ट्रपति मुर्मू ग्वालियर के दो दिनी प्रवास पर

**ग्वालियर.** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का 21 और 22 जून को ग्वालियर दौरा प्रस्तावित है. राष्ट्रपति ग्वालियर आने के बाद श्योपुर जिले के कूनो अभ्यारण जाएंगी और यहां चीता प्रोजेक्ट का अवलोकन करेंगे. राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री भी उनके साथ रहेंगे. राष्ट्रपति का दौरा कार्यक्रम फाइनल होते ही ग्वालियर एवं श्योपुर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है.

### पश्चिम बंगाल में ग्राम पंचायतों का विशेष ऑडिट

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल के ग्रामीण विकास मंत्री दिलीप घोष ने गुरुवार को कहा कि प्रदेश भर में ग्राम पंचायतों का एक विशेष ऑडिट कराया जायेगा.




# 24 राज्यों में होगी भारी बारिश

**03** दिन की देरी से केरल पहुंचा मानसून | **07** दिन कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट | **50**-70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेंगी हवाएं

**नई दिल्ली/केरल/मुंबई, 4 जून। देशभर में मौसम ने अचानक करवट ले ली है। कहीं तेज बारिश ने गर्मी से राहत दी है तो कहीं आंधी और बिजली ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। मानसून के आगमन के साथ ही मौसम विभाग ने कई राज्यों में अलर्ट जारी कर दिया है। देश में दक्षिण-पश्चिम मानसून इस बार अपने तय समय से तीन दिन की देरी से केरल पहुंचा है, लेकिन इसके बाद मौसम में तेजी से बदलाव देखने को मिल रहा है।**

सामान्यत: मानसून 1 जून को केरल में दस्तक देता है और लगभग डेढ़ महीने में पूरे देश को कवर कर लेता है। इसके बाद यह 17 सितंबर के आसपास राजस्थान के रास्ते वापसी शुरू करता है और 15 अक्टूबर तक पूरी तरह लौट जाता है।मौसम विभाग के अनुसार, अगले 2 से 3 दिनों में मानसून गोवा, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु के बड़े हिस्सों को कवर कर सकता है। इसके साथ ही बंगाल की खाड़ी और पूर्वोत्तर राज्यों में भी इसका विस्तार तेजी से होने की संभावना है। आईएमडी के अनुमान के अनुसार इस वर्ष मानसून सामान्य से बेहतर रह सकता है और लगभग 90 प्रतिशत तक बारिश होने की संभावना जताई जा रही है।केरल, तमिलनाडु और



कर्नाटक में अगले सात दिनों के भीतर कई स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। वहीं मध्य प्रदेश और राजस्थान सहित कई राज्यों में प्री-मानसून गतिविधियां सक्रिय हो गई हैं, जिससे आंधी और बारिश का सिलसिला शुरू हो गया है।आईएमडी ने देश के 24 राज्यों में बारिश, आंधी और तेज हवाओं का अलर्ट जारी किया है। इनमें ओडिशा, राजस्थान, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली और तेलंगाना प्रमुख रूप से शामिल हैं। राजस्थान, हिमाचल और उत्तराखंड में भारी बारिश के साथ ओलावृष्टि और तेज हवाओं की संभावना जताई गई है। दिल्ली में दो दिनों के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, क्यूम्युलोनिम्बस बादल इस समय सक्रिय हैं, जो 50 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी और तेज बारिश पैदा कर सकते हैं। ये बादल बिजली और गरज वाले तूफानों के लिए जिम्मेदार होते हैं और इन्हें मौसम का पावरहाउस भी कहा जाता है।केरल के अलप्पुझा, कोट्टायम और एर्नाकुलम जिलों में 3 घंटे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जहां 11 से 20 सेंटीमीटर तक भारी बारिश की संभावना है। वहीं दूसरी ओर, देश के कई हिस्सों में गर्मी अभी भी बनी हुई है।

### मुख्य बिंदु

- केरल, कर्नाटक व तमिलनाडु में ऑरेंज अलर्ट
- दिल्ली-एनसीआर में 19 डिग्री तक गिरावट
- देश के कई हिस्सों में 40°C से ज्यादा गर्मी
- मानसून इस साल 90% तक सामान्य से बेहतर रहने का अनुमान

### दिनभर के इंतजार के बाद शाम को झूमकर बरसे बदरा

**सीहोर, 04 जून.** गुरुवार को एक बार फिर प्री मानसून की बारिश ने शहर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को तरबतर कर दिया. दिन भर आसमान पर मंडराते बादल शाम होते बरस पड़े. लगभग 15 मिनट तक हुई तेज बारिश से जहां माहौल खुशनुमा व ठंडक भरा हो गया, वहीं नालियों से निकासी का अभाव होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर जमा हो गया जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा. भीषण गर्मी के तेवर अब ढलान पर हैं.

### भोपाल में तेज आंधी पानी से शहर हुआ अंधकार मय

**भोपाल, 4 जून (नवभारत संवाददाता).** राजधानी भोपाल में गुरुवार को शाम लगभग 6 बजे आंधी के साथ तेज बारिश हुई. जिससे पूरा शहर अंधकार मय हो गया. आंधी की रफ्तार इतनी तीव्र थी कि बड़े बड़े पेड़ों की टहनियां टूट कर गिर गई. वहीं शहर के बिजली की सप्लाई करने वाले तीन सौ फीडर पूरी तरह से ठप्प हो गए. जिससे शहर के अधिकांश क्षेत्रों की बिजली पूरी तरह से लगभग एक घंटे बंद रही है. वहीं विजली के तारों और फीडरों को भी नुकसान हुआ है. बारिश के दौरान शहर का यातायात पूरी तरह से प्रभावित रहा जो जहां था. जनता ने अपने वाहन के पहिए वहीं थाम दिए. इस दौरान खबर लिखे जाने तक किसी भी तरह की जनहानि की जानकारी नहीं मिली है.



मना रहे हैं विश्व पर्यावरण दिन!

# दिल्ली होटल के मालिक साकेत को अदालत में पेश किया जाएगा

### पुलिस मांग कर सकती है पांच दिन की हिरासत

**नई दिल्ली, 04 जून. दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर स्थित होटल के मालिक को गुरुवार को साकेत अदालत में पेश किया जाएगा, जिसे 21 लोगों की जान लेने वाली भीषण आग की घटना के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है.**

मामले की आगे की जांच और पूछताछ के लिए दिल्ली पुलिस उसके पांच दिन के पुलिस हिरासत की मांग कर सकती है. पुलिस सूत्रों के मुताबिक फ्लोरिश स्टे गेस्ट हाउस के मालिक लवकेश बजाज ने पूछताछ के दौरान जांचकर्ताओं को बताया कि वह खुद होटल के रोजाना के कामकाज की देखरेख नहीं करता था. उसने कथित तौर पर दावा किया कि बिलिंग, अकाउंट्स और पूरे प्रबंधन सहित संचालन की जिम्मेदारियां किसी और व्यक्ति को दे दी गई थीं.

### दिल्ली सरकार ने 10 लाख की सहायता की घोषणा

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मालवीय नगर हादसे में जान गंवाने वाले के परिजनों को 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है. उन्होंने कहा कि सरकार ने हादसे में जान गंवाने वाले परिजनों को 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है. वहीं गंभीर रूप से घायल लोगों को पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी.

# पूर्वोत्तर बनेगा व्यापार, पर्यटन और तकनीकी नवाचार का हब

- अमित शाह ने शिलांग में एनइसी की 73वीं बैठक की अध्यक्षता की
- अमित शाह- 12 वर्षों में पूर्वोत्तर में शांति और विकास में बदलाव

**शिलांग, 04 जून. पूर्वोत्तर क्षेत्र अब केवल प्राकृतिक सौंदर्य का केंद्र नहीं रहेगा, बल्कि व्यापार, निवेश, पर्यटन और तकनीकी नवाचार का हब बनने जा रहा है. गृह मंत्री अमित शाह ने शिलांग में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में क्षेत्र में शांति, संपर्क और विकास के अभूतपूर्व बदलाव हुए हैं.**



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मेघालय की राजधानी शिलांग में उत्तरपूर्वी परिषद (एनईसी) की 73वीं पूर्ण बैठक की अध्यक्षता करते हुए पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास के लिए महत्वाकांक्षी योजनाओं का खुलासा किया. उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में 12 से अधिक शांति समझौतों, बेहतर कानून-व्यवस्था और रेल, सड़क तथा हवाई संपर्क के विस्तार ने क्षेत्र को निवेश और अवसरों के केंद्र में बदल दिया है. अमित शाह ने बताया कि उग्रवाद में उल्लेखनीय कमी आई है और नागरिक हताहतों की संख्या में 86 प्रतिशत गिरावट दर्ज की गई है. उन्होंने हाई लेवल टास्क फोर्स की रिपोर्ट की सिफारिशों का 100 प्रतिशत क्रियान्वयन करने पर जोर दिया और निवेश आकर्षित करने के लिए सिंगल विंडो क्लीयरेंस प्रणाली की नियमित समीक्षा करने का निर्देश दिया.

# अस्पताल के आईसीयू में आग से 5 की मौत

### मुजफ्फरपुर के एक निजी अस्पताल में लगी आग

**मुजफ्फरपुर, 04 जून. बिहार के मुजफ्फरपुर शहर स्थित एक निजी अस्पताल में गुरुवार तड़के हुए भीषण अग्निकांड में आईसीयू में भर्ती पांच मरीजों की मौत हो गई, तथा 20 से अधिक लोग झुलस गए. पुलिस सूत्रों ने आज बताया कि आग अस्पताल की पांचवीं मंजिल पर स्थित आईसीयू में लगी.**

घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया. हादसे में चार मरीजों की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक लोग झुलस हो गए.

सूत्रों ने बताया कि मृतकों में 57 वर्षीय गीता देवी, 57 वर्षीय उदय कुमार और 30 वर्षीय शशांक कुमार की पहचान हो चुकी है, जबकि एक अन्य मृतक की पहचान अभी नहीं हो सकी है. झुलसे सभी लोगों को शहर के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है।प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है. मुजफ्फरपुर के जिलाधिकारी सुब्रत कुमार ने चार लोगों की मौत की पुष्टि करते हुए कहा कि मामले की जांच कराई जा रही है और यदि अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही सामने आती है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. वहीं, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कांतेश कुमार मिश्रा ने बताया कि घटना की जांच के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया है. टीम आग लगने के कारणों और अन्य पहलुओं की विस्तृत जांच कर रही है.

## प्रख्यात संविधान विशेषज्ञ, पद्म भूषण डॉ. सुभाष कश्यप का देहावसान

**नई दिल्ली, 04 जून.** जाने-माने संविधान विशेषज्ञ एवं लोक सभा के पूर्व महासचिव पद्म भूषण डॉ सुभाष कश्यप का गुरुवार को हृदय गति रुकने के कारण यहां उनके निवास पर निधन हो गया।वह 97 वर्ष के थे. बिजनौर में जन्मे और इलाहाबाद में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले डॉ कश्यप 1984 में लोक सभा के महासचिव बने थे. वह इस पद पर 1990 तक रहे. वह संविधान विशेषज्ञ एवं संसदीय मामलों के ज्ञाता थे.

**रणनीति** | तरुण चुघ के बहाने पंजाब को साधने की कवायद होगी

# राज्यसभा के लिए चौंकाने वाला है रजनीश का नाम

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 4 जून.** जैसी संभावना थी, वही हुआ. राज्यसभा उम्मीदवारों के नामों को लेकर भाजपा ने आखिर चौंका ही दिया. प्रदेश के कई दिग्गजों और कद्दावर चेहरों को दरकिनार करते हुए बेहद लो-प्रोफाइल वाले नेता रजनीश अग्रवाल को भाजपा हाईकमान से मप्र से खाली हो रही दो सीटों में एक के लिए उम्मीदवार घोषित कर दिया, वहीं ये तो पहले ही माना जा रहा था कि दो में से एक सीट पर किसी बाहरी उम्मीदवार को मौका दिया जा सकता है. ये संभावना सही साबित हुई और भाजपा हाईकमान ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरूण चुघ को राज्यसभा की दूसरी सीट के लिए उम्मीदवार घोषित कर दिया है. यानी एक सीट के लिए प्रदेश भाजपा की भावनाओं का सम्मान किया गया है, वहीं दूसरी सीट पर भाजपा हाईकमान ने राष्ट्रीय राजनीति को ध्यान में रखते हुए चुघ को राज्यसभा के लिए चेहरा बनाया है. राज्यसभा चुनाव के लिए एक जून को अधिसूचना जारी कर दी गई थी, नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 8 जून है. नामांकन पत्रों की जांच 9 जून को होगी, वहीं नामांकन वापसी की तारीख 11 जून तय है. मतदान 18 जून को होना तय है. हालांकि प्रदेश में मतदान होना इस बात पर निर्भर करेगा कि प्रदेश की खाली हो रही तीन सीटों के लिए उम्मीदवारों की संख्या तीन से ज्यादा हो.


रजनीश अग्रवाल


तरुण चुघ

( शेष पेज 2 पर )

### भाजपा के थिंक टैंक में होती है चुघ की गिनती

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ मूल रूप से पंजाब से आते हैं. उनका जन्म पंजाब के अमृतसर में हुआ. वे पंजाब भाजपा संगठन में कई जिम्मेदारी संभाल चुके हैं. वे जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और तेलंगाना में प्रदेश प्रभारी रह चुके हैं. चुघ की गिनती भाजपा के थिंक टैंक में होती है. पंजाब में अगले वर्ष की प्रथम तिमाही में विधानसभा चुनाव होने हैं.

